प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर रांची में कर रहे हैं उच्चस्तरीय बैठक, व्यवस्था के सभी बिन्दुओं पर विचार– विमर्श जारी।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल नयी दिल्ली में नीति आयोग शासी परिषद की होगी बैठक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी लेंगे भाग, आज हो सकते हैं दिल्ली के लिए रवाना।
3. शराब घोटाला मामले में सत्तापक्ष और विपक्ष आमने–सामने, भाजपा ने कहा– सीबीआई जांच से बचने के लिए राज्य सरकार ने एसीबी को किया सक्रिय, कांग्रेस ने आरोपों को किया खारिज।
4. शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आइएएस अधिकारी विनय चौबे को रिम्स के नेफ्रोलॉजी विभाग में किया गया शिफ्ट, उच्च रक्तचाप और किडनी संबंधी बीमारी की होगी जांच।
5. झारखंड हाईकोर्ट ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को दी बड़ी राहत, 60 साल में रिटायर करने के आदेश पर लगायी रोक।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हील इन इंडिया के मंत्र को वैश्विक पहचान मिले।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देवघर में 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक कर रहे हैं। बैठक में सभी विभागों के प्रधान सचिव, सचिव, पुलिस महानिदेशक, दुमका आयुक्त, दुमका पुलिस उप महानिरीक्षक, पर्यटन निदेशक, देवघर उपायुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। बैठक में श्रावणी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर सभी बिंदुओं पर विचार– विमर्श जारी है, जिनमें मेले की सुरक्षा, यातायात, आवास, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल नयी दिल्ली में नीति आयोग शासी निकाय की 10वीं बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भाग लेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए श्री सोरेन आज दिल्ली के लिए रवाना हो सकते हैं। बैठक में राज्य सरकार की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत रोड मैप पेश किया जायेगा।

*******************

झारखंड में कथित तौर पर 38 करोड़ के शराब घोटाले में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने सीबीआई जांच से बचने के लिए आइएएस अधिकारी विनय चौबे समेत अन्य पदाधिकारियों को एसीबी के हाथों गिरफ्तार कराया है।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने श्री मरांडी के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एसीबी स्वतंत्र रुप से अपना काम कर रही है।

*******************

शराब घोटाले में एसीबी के हाथों गिरफ्तार आईएएस अधिकारी विनय चौबे को आज रिम्स के नेफ्रोलॉजी विभाग में शिफ्ट कर दिया गया है। रिम्स चिकित्सकों ने बताया कि श्री चौबे को उच्च रक्तचाप और किडनी से संबंधित बीमारी है, जिसका इलाज किया जा रहा है।

गौरतलब है कि गिरफ्तारी  के बाद कल उनकी तबीयत खराब हो गयी थी, जिसके बाद उन्हें रिम्स  में भर्ती कराया गया है।

******************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि देवघर में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना देवीपुर प्लास्टिक पार्क को राज्य सरकार ने पिछले तीन साल से आवंटन नहीं दिया है। देवघर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने कहा कि इस परियोजना के चालू हो जाने से दस  हजार स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

******************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों का स्मनरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत–पाक युद्ध में श्रीनगर एयरबेस की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को बड़ी राहत दी है। उच्च न्यायालय ने वैज्ञानिकों को 60 साल में रिटायर करने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने उक्त मामले में विश्वविद्यालय से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 22 जून को होगी।

******************

सिमडेगा शहरी क्षेत्र में जल संकट से निपटने के लिए सरकार की ओर पहल तेज कर दी गयी है।

******************

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी आज तेजी के साथ खुले। शुरूआती कारोबार में उपभोक्ता सामान, आईटी और ऑटो सेक्टर के शेयरों की खरीदारी हुई। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 541 अंकों की वृद्धि के साथ 81 हजार 493 पर था जबकि निफ्टी 175 अंक की बढ़त के साथ 24 हजार 785 पर रहा।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 88 हजार 8 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

******************